## जनपद गाजियाबाद दिनांक 19–22 सितंबर, 2017 तक सी0आर0एम0 हेतु सहयोगात्मक पर्यवेक्षण

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्र संख्या–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम. एण्ड ई./2016–17/13/6152–6 (13) दिनांक 15.09.2017 के क्रम में दिनांक 19.09.2017 से 22.09.2017 को राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से जनपद गाजियाबाद की टीम द्वारा कॉमन रिव्यू मिशन को दृष्टिगत रखते हुये आवंटित जनपद के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण किया गया तथा उपलब्ध सेवाओं का एवं सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों का सहयोगात्मक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया गया। टीम के सदस्यों का विवरण निम्नवत् हैं–

1. श्री अभिषेक सिंह, राज्य समन्वंयक, राज्य रक्त प्रकोष्ठ, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।
2. श्री अभिषेक यादव, सलाहकार,राष्ट्रीय कार्यक्रम, एस0पी0एम0यू0 ।

टीम द्वारा निम्नानुसार नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण किया गया–

1. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, नेहरू गार्डन, खोडा–2
2. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, 82 खोडा गाँव
3. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, साधना एन्क्लेव, खोड़ा
4. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, आदर्श नगर,खोड़ा
5. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, माकनपुर, इंदिरापुरम
6. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, भोपरा, साहिबाबाद
7. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, जवाहरनगर पूर्वी, लोनी
8. नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, शालीमार गार्डन
9. रक्तकोष जिला चिकित्सालय, गाजियाबाद

उपरोक्तानुसार केन्द्रों के भ्रमण में नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुछ सामान्य कमियां सभी केन्द्रों पर पाई गयी जिसका विवरण निम्नवत है–

1. ओ0पी0डी0 पंजिका में रोगियों का पूर्ण एवं स्पष्ट विवरण उल्लिखित नही किया जा रहा था साथ ही कई केन्द्रों द्वारा रोगियो को रजिस्ट्रेशन सं0 प्रदर्शित नही की गयी थी जिससे रोगियो का चिन्हिकरण नहीं किया जा सकता।
2. केन्द्र पर कलर कोड डस्टबिन नहीं थी एवं वेस्ट डिस्पोजल की व्यवस्था उचित नहीं पायी गयी एवं medical waste सामान्य waste के साथ dispose किया जा रहा था।
3. केन्द्र पर आई0ई0सी0 उचित व्यवस्था में प्रदर्शित नहीं थी जिस हेतु निर्देशित किया गया कि पूरे परीसर में यथास्थान समुचित मानकों के आधार पर आई0ई0सी0 प्रदर्शन सुनिश्चित करें।
4. आई0ई0सी0 के प्रोटोकॉल में चिकित्सालय के अन्दर एंव बाहर कार्यक्रम से सम्बन्धित आई0ई0सी0 नही थे।
5. गम्भीर रक्ताल्पता वाली महिलाओं की लाइन लिस्टिंग नहीं की जा रही है।
6. सिटीजन चार्टर का डिस्प्ले नहीं किया पाया गया।
7. जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत दिये जाने वाले लाभों को डिस्प्ले नहीं किया गया है।
8. आशा कार्यक्रम के अन्तर्गत आशा इकाई प्रकोष्ठ, आशा इकाई पेटिका, आशा भुगतान पंजीका आदि के बारे में अवगत कराते हुये व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया।
9. दवा वितरण हेतु सामान्य पर्ची का उपयोग किया जा रहा था।
10. EDL का डिस्प्ले नहीं किया गया था एवं टीम द्वारा निर्देशित किया गया EDL का डिस्प्ले प्रतिदिन किया जायेगा।
11. लैब एस०ओ०पी० उपलब्ध नहीं थी।
12. दवा वितरण के लिए कोई पृथक पंजिका नहीं उपलब्ध थी एवं दवा वितरण हेतु लूज मेडिसिन रखी गयी थी।

13. स्टॉक रूम में स्टॉक प्रदर्शन मानको के अनुरूप नही था एवं रजिस्टर updated नहीं था।

14. केन्द्रों के मानवसंसाधन की तकनीकी प्रशिक्षण की नितांत आवश्यकता है।

15. केन्द्रों द्वारा पंजिकृत गर्भवति महिलाओं के प्रसव का अनुश्रवण नही किया जा रहा था।

उपरोक्त सामान्य कमियों के अतिरिक्त केन्द्रों पर विशेष रूप से केन्द्रनुसार पायी गयी कमियां निम्नवत है–

**नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, नेहरू गार्डन, खोडा–2**

नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र नेहरू गार्डन, खोडा–2 में तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–

1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–05
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–01
5. फार्मासिस्ट–01

- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 1000–1200 प्रतिमाह के आकड़े थे परन्तु ओ0पी0डी0 पंजिका में रोगियो को रजिस्ट्रेशन सं0 प्रदर्शित नही की गयी थी जिससे रोगियो का चिन्हिकरण नही किया जा सकता।
- केन्द्र द्वारा लगभग 1.80 लाख की जनसंख्या आच्छादित की जा रही थी। जिस हेतु केन्द्र पर उपलब्ध मानव संसाधन कम थे।
- जाँच केन्द्र प्रयोगशाला प्राविधिक द्वारा किये जा रही जांचो के बारे में सही विवरण प्रस्तुत नहीं किया जा रहा था, साथ ही की जा रही जांचो का सही एवं पूर्ण विवरण नही रखा जा रहा था।
- स्टाफ नर्स द्वारा कोई भी रिकॉर्ड या रजिस्टर नहीं उपलब्ध कराये जा सके।
- दवा वितरण स्थल पर दवा लूज में राखी गयी थी जिस पर बैच एवं कालातीत होने का विवरण प्रस्तुत नही था।
- दो माह पूर्व कालातीत हो चुकी दवा केंद्र पर ही रक्षित थी।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, 82 खोडा गाँव**


केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–


1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–06
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–02
5. फार्मासिस्ट–01

- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 1200–1500 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- केन्द्र द्वारा लगभग 1.80 लाख की जनसंख्या आच्छादित की जा रही थी। जिस हेतु केन्द्र पर उपलब्ध मानव संसाधन कम थे।
- डिलीवरी करने की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध होने के पश्चात् भी डिलीवरी प्वाइंट प्रारम्भ नहीं हो सका था।
- प्रयोगशाला प्राविधिक द्वारा केवल टी0बी0 की जाँच सम्पादित की जा रही थी कार्य की अधिकता के कारण अन्य जांचो में असमर्थता बताई गयी।
- दैनिक स्टॉक उपलब्ध नहीं था।
- लैब अपसिस्ट के डिस्पोजल की कोई व्यवस्था उपलब्ध नही थी।
- आई0एल0आर0 क्रियाशील नहीं था जबकि खोड़ा 2 के केंद्र हेतु भी चिन्हित था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

## ारीय स्वास्थ्य केन्द्र, साधना एन्क्लेव, खोड़ा





केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–


1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–05
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–02
5. फार्मासिस्ट–01
6. वार्ड / आया–01

- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 3000–3200 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- ए0एन0एम0 को प्रदत्त उपकरण कार्य नहीं कर रहे थे तथा ए0एन0एम0 द्वारा आउटरीच भ्रमण के दौरान हीमोग्लोबिन टेस्ट नहीं किया जा रहा था।
- स्टॉक रजिस्टर अपडेट नही था एवं बैच नं0 तथा एक्सपायरी उल्लिखित नही थी।
- स्टाफ नहीं उपस्थित होने के कारण अन्य रजिस्टर प्रस्तुत करने में असमर्थता दिखाई गयी।
- आई0एल0आर0 क्रियाशील नहीं था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये / कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

## नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, आदर्श नगर,खोड़ा




केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–

1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–05
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–01
5. फार्मासिस्ट–01


- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 1200–1500 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- ओ0पी0डी0 पंजिका पर सम्पूर्ण एवं स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं थे।


- केन्द्र के लैब में होने वाली जाँच का विवरण सही एवं स्पष्ट प्रदर्शित नहीं था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**<u>नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, माकनपुर, इंदिरापुरम</u>**







केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–


1. ए0एन0एम0–06
2. एल0टी0–01
3. स्टाफ नर्स–01
4. फार्मासिस्ट–01


- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 लगभग 1000 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- चिकित्साधिकारी तैनात नही होने के कारण फार्मासिस्ट द्वारा रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श दिया जा रहा था।
- ए0एन0एम0 द्वारा वी0एच0एन0डी0 रोस्टर तथा सम्बन्धित पंजिका उपलब्ध नहीं करायी गयी।
- केन्द्र पर निर्माण कार्य होने के कारण संग्रहण एवं व्यवस्थायें मानकानुसार नहीं थी।
- वेस्ट डिस्पोजल अत्यन्त ही अव्यवस्थित था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिला समन्वयक, एन0यू0एच0एम0 को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

## ारीय स्वास्थ्य केन्द्र, भोपरा, साहिबाबाद





केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–

1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–05
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–01

- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 1200–1500 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- ओ0पी0डी0 रजिस्टर पर रोगी विवरण पूर्ण रुप से उल्लिखित नही था।
- लैब टेक्नीशियन द्वारा ही फार्मासिस्ट का कार्य देखा जा रहा था।
- स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण एवं दैनिक स्टॉक विवरण उपलब्ध नही था।
- दवा वितरण स्थल पर दवा लूज रुप में रखी गयी थी।
- आ0ई0सी0 प्रदर्शन अत्यन्त ही कम था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

## नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, जवाहरनगर पूर्वी, लोनी

केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–


1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–06
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–01
5. फार्मासिस्ट–01


- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 3000–3500 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- ओ0पी0टी0 रजिस्टर में रोगियो के विवरण स्पष्ट एवं पूर्ण नहीं था।
- स्टॉफ नर्स द्वारा LMD & EDD का आकड़न सही प्रदर्शित नहीं था।
- रेफरल का रिकॉड उपलब्ध नहीं था।
- सम्बन्धित आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

## ...रीय स्वास्थ्य केन्द्र, भोपरा, साहिबाबाद





केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–

1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–05
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–01

- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 1200–1500 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- ओ0पी0डी0 रजिस्टर पर रोगी विवरण पूर्ण रुप से उल्लिखित नही था।
- लैब टेक्नीशियन द्वारा ही फार्मासिस्ट का कार्य देखा जा रहा था।
- स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण एवं दैनिक स्टॉक विवरण उपलब्ध नही था।
- दवा वितरण स्थल पर दवा लूज रुप में रखी गयी थी।
- आ0ई0सी0 प्रदर्शन अत्यन्त ही कम था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

## नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, जवाहरनगर पूर्वी, लोनी

केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–

1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–06
3. एल0टी0–01
4. स्टाफ नर्स–01
5. फार्मासिस्ट–01

- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 3000–3500 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- ओ0पी0टी0 रजिस्टर में रोगियो के विवरण स्पष्ट एवं पूर्ण नहीं था।
- स्टॉफ नर्स द्वारा LMD & EDD का आकड़न सही प्रदर्शित नहीं था।
- रेफरल का रिकॉड उपलब्ध नहीं था।
- सम्बन्धित आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी।

उपरोक्त के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र, शालीमार गार्डन**

केन्द्र पर तैनात मानव संसाधन निम्नानुसार थे–

1. चिकित्साधिकारी–01
2. ए0एन0एम0–06
3. एल0टी0–01
4. स्टॉफ नर्स–01
5. फार्मासिस्ट–01

- केन्द्र पर ओ0पी0डी0 1200–1500 प्रतिमाह के आकड़े थे।
- स्टॉफ नर्स द्वारा किसी भी अभिलेखो का रख–रखाव नही किया जा रहा था।
- आई0एल0आर0 मॉनिटर क्रियाशील नही था तथा डीप फ्रीजर में लूज वैकसीन रखी हुयी थी।
- अभिलेखो का रख–रखाव मानकानुसार नहीं था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिला समन्वयक को सुधार किये/कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया।

**रक्तकोष जिला चिकित्सालय गाजीयाबाद**

- केन्द्र पर आई0ई0सी0 का प्रदर्शन अत्यन्त कम था।
- विवरण पुराने अभिलेखो पर ही रक्षित किया जा रहा था।
- रक्तकोष के बाहर दैनिक रक्त स्टॉक प्रदर्शित नही किया जा रहा था।
- कुछ प्लाज्मा यूनिटो में रेड सेल कन्टामिनेशन थे।
- एस0ओ0पी0 सभी कार्य स्थलो पर उपलब्ध नही थी।
- उपकरणो के रख–रखाव हेतु बजट की आवश्यकता व्यक्त की गयी।
- नवनियुक्त मानव संसाधन का तकनीकी प्रशिक्षण कराया जाना आवश्यक है।

उपरोक्त सूचनाओ से तकनीकी पर्यवेक्षक को सुधार हेतु अवगत करा दिया गया।

**उपरोक्त के अतिरिक्त एन0आई0वी0 नोएडा में रक्तकोश चिकित्साधिकारियो के प्रथम बैच के प्रशिक्षण का भी अनुश्रवण किया गया तथा प्रतिभागियो से प्रशिक्षण का feed back भी लिया गया। प्रतिभागियो द्वारा प्रशिक्षण को गुणवत्ता परक एवं आवश्यक बताया गया एवं प्रशिक्षण को आगामी वर्शो में भी निरन्तर रखने हेतु सुझाव दिया गया।**

उपरोक्त सभी तथ्यों को स्टेट नोडल एन0यू0एच0एम0 गाजियाबाद के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष निस्तारण हेतु प्रस्तुत किया गया।

**(अभिषेक यादव)**
**सलाहकार, नेशनल प्रोग्राम**

**(अभिषेक सिंह)**
**राज्य समन्वयक, स्टेट ब्लड सेल**